आरएनआई नं० –UPHIN/2013/56605

# टूडे इवेन्टस न्यूज

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार-पत्र

शहीदों की नगरी शाहजहांपुर से प्रकाशित एवं बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, कन्नौज, कानपुर, लखनउ, अयोध्या, हाथरस, गाजियावाद व दिल्ली, बिहार,मध्यप्रदेश व राजस्थान में प्रसारित

संपादक-धर्मपाल सिंह todayeventsnews@gmail.com

वर्ष : 11 | अंक : 15 | शाहजहांपुर | 10 मार्च 2025 | सोमवार | पृष्ठ-08 | मूल्यः तीन रुपये

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पीएम मोदी ने नारी शक्ति को किया नमन



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतर्राश्ट्रीय महिला दिवस पर मातष् षक्ति को नमन किया। सोषल मडिया प्लेटफहृर्म एक्स पर उन्होंने एक वीडियो षेयर कर दुनिया की सभी विद्याओं को देवी के स्वरूप की ही अभिव्यक्ति बताया। प्रधानमंत्री मोदी अपने एक्स पोस्ट में लिखा, श्हम महिला दिवस पर अपनी नारी षक्ति को नमन करते हैं! हमारी सरकार ने हमेषा महिलाओं को सषक्त बनाने के लिए काम किया है, जो हमारी योजनाओं और कार्यक्रमों में झलकता है। आज, जैसा कि वादा किया गया था, मेरी सोषल मीडिया प्रहृपर्टीज उन महिलाओं द्वारा संभाली जाएंगी जो विविध क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रही हैं! वीडियो में पीएम मोदी ने कहा, सभी विद्याएं देवी के ही विभिन्न स्वरूपों की अभिव्यक्ति हैं और जगत की समस्त नारी षक्ति में भी उनका ही प्रतिरूप है। हमारी संस्कृति में बेटियों का सम्मान सर्वोपरि रहा है। इस सदी में ग्लोबल ग्रोथ में एक बहुत बड़ा फैक्टर महिलाओं की भागीदारी का होने वाला है। जो देष, जो समाज जितनी अधिक भागीदारी महिलाओं को देगा, उतना ही तेजी से ग्रो करेगा। भारत में आज वूमेन लीड डेवलपमेंट का दौर है। पीएम मोदी ने आगे कहा, नारी, नीति, निश्ठा, निर्णय षक्ति और नेतृत्व की प्रतिबिंब होती हैं। आज भारत महिलाओं की आवष्यकताओं और उनकी आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बना रहा है, निर्णय ले रहा है। देष की नई षक्ति विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि की सबसे बड़ी गारंटी है। तो आइए इस बार महिला दिवस पर हम सब मिलकर अदम्य नारी षक्ति को सेलिब्रेट करें, सम्मान करें, नमन करें।

बता दें कि हर साल ८ मार्च को विष्व भर में अंतर्राश्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मान देने और उनकी सराहना करने का अवसर है। इस दिन को महिलाओं के आर्थिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों में योगदान के उत्सव के तौर पर देखा जाता है अंतर्राश्ट्रीय महिला दिवस की षुरुआत १९०९ में हुई थी, और इसे औपचारिक मान्यता १९७५ में मिली, जब संयुक्त राश्ट्र ने इसे एक थीम के साथ मनाना षुरू किया। इस खास दिन पर महिलाओं के प्रति सम्मान व्यक्त किया जाता है, उनकी उपलब्धियों को प्रोत्साहन मिलता है, और भेदभाव को खत्म कर समानता व उनके अधिकारों पर जोर दिया जाता है।

## सीतापुर में मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने पत्रकार की गोली मारकर की हत्या, पुलिस कार्यवाही में जुटी

सीतापुर। उत्तर प्रदेष के सीतापुर जिला मुख्यालय के इमलिया सुलतानपुर थाना इलाके में षनिवार की दोपहर मोटरसाइकिल सवार बदमाषों ने राश्ट्रीय राजमार्ग पर एक पत्रकार की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार यह घटना षनिवार दोपहर सीतापुर-दिल्ली राजमार्ग थाना इमलिया सुलतानपुर में हुई। एक प्रमुख हिंदी दैनिक समाचार पत्र में कार्यरत पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई (३५) क्षेत्रीय संवाददाता के रूप में काम करते थे। पुलिस के अनुसार लखनऊ-दिल्ली राश्ट्रीय राजमार्ग पर हेमपुर रेलवे क्रहृसिंग के पास ओवरब्रिज पर मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने राघवेंद्र पर गोलियां चलाईं। उनके कंधे और सीने में तीन गोलियां लगीं। इस वारदात को अंजाम देकर हमलावर मोटरसाइकिल पर सवार होकर वहां से फरार हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस पत्रकार को अस्पताल ले गई, लेकिन वहां डहृक्टरों ने उन्हें मष्त घोशित कर दिया। मष्तक के परिजनों ने मीडिया को बताया कि कुछ दिन पहले उन्हें फोन पर धमकी दी गई थी और आज उनकी हत्या कर दी गई। सीतापुर के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) प्रवीण रंजन सिंह ने बताया कि अपराधियों को पकड़ने के लिए सीमाएं सील कर दी गई हैं और साक्ष्य जुटाने का काम षुरू कर दिया गया है। कहृल डिटेल और अन्य कानूनी कार्रवाई चल रही है। एएसपी ने बताया कि षव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर तिलहर की पूजा गंगवार को राज्यपाल ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया





टेन न्यूज डेस्क

लखनऊ/शाहजहांपुर। महिला उद्यमी राज भवन में सम्मानित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राजभवन लखनऊ में आयोजित सम्मान समारोह में श्रीमती पूजा गंगवार राजनपुर तिलहर को राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी के द्वारा प्रषस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।उनको यह सम्मान कृषि के क्षेत्र में एव गाय के गोबर से बनाए जा रहे विभिन्न उत्पाद( गौ षिल्प) के लिए दिया गया है ।

कृषि विज्ञान केंद्र के प्रोफेसर एवं प्रभारी अधिकारी डा० एन सी त्रिपाठी ने बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विष्वविद्यालय मेरठ के निदेषक प्रसार डाक्टर पी के सिंह जी के द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र शाहजहांपुर के साथ जुड़कर कृषि एवं गौ - शिल्प( गाय के गोबर से बने उत्पाद )के क्षेत्र में किये जा रहे कार्य हेतु राजभवन को उनका नाम प्रस्तावित किया गया था।

इस अवसर पर राजभवन के कार्यक्रम में कृशि विज्ञान केंद्र की गृह वैज्ञानिक कुमारी विद्या गुप्ता उनके साथ उपस्थित रही। श्रीमती पूजा गंगवार को महामहिम राज्यपाल महोदया द्वारा सम्मानित किए जाने पर सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विष्वविद्यालय मेरठ के कुलपति, निदेषक प्रसार एवं कृषि विज्ञान केंद्र के सभी वैज्ञानिकों ने उनको बधाई दी।

## नेशनल कांन्फ्रेंस ने चुनाव के दौरान जो वादे किए थे, उन्हें इस बजट में पूरा कियाः सुरिंदर कुमार चौधरी



जम्मू। जम्मू-कष्मीर से आर्टिकल ३७० के खत्म होने के बाद षुक्रवार को पहली बार विधानसभा में बजट पेष किया गया। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने यह बजट पेष किया। जम्मू-कष्मीर के उपमुख्यमंत्री सुरिंदर कुमार चौधरी ने बजट पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यह बजट खासतौर पर गरीबों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि नेषनल कांन्फ्रेंस ने चुनाव के दौरान जो वादे किए थे, उन्हें इस बजट में पूरा किया गया है। विषेश रूप से महिलाओं और गरीब बच्चों के लिए कई बड़ी घोशणाएं की गई हैं। उपमुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि नेषनल कहृन्फ्रेंस ने जो वादे किए थे, वे सभी इस बजट में हैं। महिलाओं के लिए मुफ्त बस सेवा की घोशणा की गई है, जो उनके लिए एक बड़ी राहत है। इसके साथ ही, गरीब लड़कियों के लिए भी एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। पहले उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब सरकार उनकी मदद के लिए कदम उठा रही है। यह बजट केवल एक दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह उन गरीबों, बच्चों और महिलाओं के लिए एक सषक्त कदम है, जो पहाड़ों और दूरदराज इलाकों में रहते हैं और जिनकी जिंदगी में कभी भी सरकार की योजनाओं का प्रभाव नहीं महसूस हुआ। इस बजट के माध्यम से हम उन्हें भी मुख्यधारा में षामिल करने की कोषिष कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस बजट में हर विभाग को ध्यान में रखते हुए प्रस्ताव पेष किए गए हैं। चाहे वह महिला सषक्तीकरण हो, स्वास्थ्य सेवाएं, षिक्षा, ट्रांसपोर्ट, या कोई अन्य विभाग, हर क्षेत्र में इस बजट का असर साफ महसूस होगा। यह बजट राज्य की सरकार का एक ऐतिहासिक प्रयास है, जो हर नागरिक को लाभ पहुंचाएगा। इससे पहले, सुरिंदर कुमार चौधरी ने जम्मू-कष्मीर के मुख्यमंत्री के नेतष्त्व में इस बजट को एक ऐतिहासिक कदम बताया और कहा कि यह बजट हर वर्ग के लिए लाभकारी साबित होगा। उनका कहना था कि अब राज्य में हर व्यक्ति महसूस करेगा कि उसने सही सरकार चुनी है, जो उसकी भलाई के लिए काम कर रही है। जम्मू-कष्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने राज्य का बजट पेष करते हुए कहा कि वह वित्त मंत्री के तौर पर पहली बार बजट पेष करते हुए खुष हैं। उन्होंने इसे आर्थिक विकास का एक रोडमैप और लोगों की आकांक्षाओं का सच्चा प्रतिबिंब बताया। सीएम उमर अब्दुल्ला ने बजट पेष करते हुए क्षेत्रीय स्थिरता और षांति की ओर बढ़ते कदमों को रेखांकित किया। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि राज्य अब स्थायी षांति की राह पर है और उनके बजट का मुख्य फोकस युवाओं और महिलाओं को सषक्त बनाने, क्षेत्रीय असमानताओं को दूर करने और राज्य का दर्जा बहाल करने के प्रयासों पर था। उमर अब्दुल्ला ने भी कहा था कि यह बजट न केवल राज्य के आर्थिक विकास को गति देगा, बल्कि यह हमारे युवाओं और महिलाओं के लिए अवसरों का निर्माण करेगा, जिससे वे अपने जीवन को बेहतर बना सकेंगे।

## कांग्रेस विधायक प्रियांक खड़गे ने राज्य के बजट को हलाल बजट कहने पर भाजपा पर बोला तीखा हमला




बेंगलुरु। कर्नाटक के मंत्री और कांग्रेस विधायक प्रियांक खड़गे ने राज्य के बजट को हलाल बजट कहने पर भाजपा पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह बजट आर्थिक प्रगति के लिए बनाया गया है और इसमें लगभग ४ लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। प्रियांक खड़गे ने कहा कि भाजपा ने अपनी समझदारी खो दी है। वे अब बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं। यह बजट राज्य के विकास और आर्थिक उन्नति के लिए है। यह कैसे हलाल बजट हो सकता है? भाजपा के पास अब नए मुद्दे नहीं बचे हैं, इसलिए वे इस तरह के निरर्थक तर्क दे रहे हैं। कांग्रेस के मंत्री ने कहा कि कर्नाटक सरकार ने केवल ८,००० करोड़ रुपये का ऋण लिया है, जबकि भाजपा सरकार ने १.२ लाख करोड़ रुपये का कर्ज लिया है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या भाजपा की सरकार ने अपने कार्यकाल में कोई ऋण नहीं लिया था? उन्होंने निषाना साधते हुए कहा, षायद भाजपा को वित्तीय मामलों की समझ नहीं है। हमें अपनी वित्तीय क्षमता पर भरोसा है और हम लिए गए ऋण को चुका सकते हैं।

# सम्पादकीय

## जिला स्वास्थ्य विभाग में चल रहे घोटाले का जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव द्वारा पर्दाफाश



टेन न्यूज। शाहजहांपुर जिला अस्पताल के पंजीकरण को लेकर सीएमओ द्वारा फोन नहीं उठाए जाने पर जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव के पति पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय यादव ने सीएमओ से नाराजगी जताई थी। सीएमओ से नोकझोंक होने के बाद उन्होंने कार्रवाई के लिए वित्त मंत्री को मामले से अवगत कराया था। पति से विवाद के बाद बष्हस्पतिवार को जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव सीएमओ कार्यालय में पहुंच गईं। उनके साथ में जिला पंचायत की वित्त एवं लेखाधिकारी स्वाति वर्मा भी थीं। उन्होंने तुरंत ही विभाग के लिए खरीदे गए सामान के अभिलेखों को तलब किया और मिलान षुरू कराया। खरीदे गए माल की धनराषि का रजिस्टर और लैपटहृप में अंतर मिला। उन्हें अभिलेखों में क्रम संख्या में कई स्थानों पर जगह छूटी मिली। जांच टीम ने स्टोर इंचार्ज से खाली पेज की वजह पूछी तो वह कोई जवाब नहीं दे सके। रजिस्टर पर सीरियल का नंबर ५६ व ५७ गायब था। धनराषि में इतना हेरफेर होने के सवाल पर स्टोर इंचार्ज ने चुप्पी साध ली। कुछेक सवालों के गलत जवाब देने पर नाराजगी जताई। उन्होंने समाज कल्याण में हुए घोटाले में कई लोगों पर एफआईआर दर्ज होने का हवाला भी दिया। वित्त एवं लेखाधिकारी स्वाति वर्मा ने बताया कि खरीद-फरोख्त के हर बिल में ८०-९० हजार का अंतर है। इस संबंध में स्टोर इंचार्ज ने स्वीकार भी किया है। अजय यादव, पूर्व अध्यक्ष-जिला पंचायत ने कहा स्वास्थ्य विभाग में खरीद-फरोख्त में बड़े पैमाने पर घोटाला हुआ है। सात रजिस्टरों को देखा गया। दो रजिस्टर को सील किया है। इसका परीक्षण करा रहे हैं। इसके बाद घोटाले के पूरे साक्ष्य प्रस्तुत किए जाएंगे। डा अंसार अली, सीएमओ के मुताबिक जिला पंचायत अध्यक्ष ने अपनी टीम के साथ अभिलेख देखे हैं। जहां पर कमियां मिली हैं, उसकी जांच कराकर जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाएगी।

## धारा ६० आबकारी अधिनियम के १६९ मुकदमों की अवैध देशी व कच्ची शराब को न्यायायलय के आदेश पर पुलिस ने किया विनिष्टीकरण



टेन न्यूज, प्रभाष चन्द्र ब्यूरो, कन्नौज। थाना गुरसहायगंज पुलिस द्वारा थाना गुरसहायगंज पर पंजीकृत धारा ६० आबकारी अधिनियम के १६९ मुकदमों से संबंधित २७०० लीटर अवैध देषी व कच्ची षराब जिसकी अनुमानित कीमत करीब तीन लाख (३,००,०००) रुपये का किया गया विनिष्टीकरण।

न्यायालय श्रीमान अपर मुख्यन्यायिक मजिस्ट्रेट कन्नौज के आदेष के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक कन्नौज विनोद कुमार के निर्देषन, अपर पुलिस अधीक्षक कन्नौज अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण एवं उप जिला मजिस्ट्रेट छिबरामऊ व क्षेत्राधिकारी नगर कमलेष कुमार के कुषल पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुबे के कुषल नेतष्त्व में थाना गुरसहायगंज पुलिस के द्वारा थाना गुरसहायगंज पर पंजीकृत धारा ६० आबकारी अधिनियम के १६९ मुकदमों से संबंधित २७०० लीटर अवैध देषी व कच्ची षराब जिसकी अनुमानित कीमत करीब तीन लाख (३,००,०००) रुपये को थाना परिसर के बाहरी क्षेत्र में एक गड्ढा खुदवाकर अवैध षराब को नश्ट कर माल मुकदमाती का निस्तारण कराया गया ।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकृति के कुल ९०३०४ वादों का निस्तारण किया गया



टेन न्यजू, डीपी सिंह, डेस्क न्यूज शाहजहांपुर। राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालयों में विचाराधीन प्राचीनतम श्रेणी के कुल २८ वादों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर कराया गया। इसमें तीस वर्श से अधिक अवधि से लम्बित ०१ बाद, बीस वर्श से अधिक की अवधि से लम्बित ०४ वाद, दस वर्श से अधिक की अवधि से लम्बित ०८ वाद तथा पॉच वर्श से अधिक अवधि से लम्बित १५ वादों का निस्तारण विभिन्न न्यायिक अदालतों द्वारा किया गया।

प्राचीनतम श्रेणी के वादो में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती ज्योति अग्रवाल द्वारा वर्श १९९० के ०१ फौजदारी वाद व वर्श २००० के ०१ फौजदारी वाद, सिविल जज जू०डी० त्वरित न्यायालय कोर्ट सख्या-४१ श्रीमती निधी माधव कुरील द्वारा वर्श १९९६ के फौजदारी वाद, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रीमती प्रतिभा-प्रथम द्वारा वर्श १९९८ के फौजदारी वाद तथा सिविल जज जू०डि० षाहजहॉपुर श्रीमती हिना कौसर द्वारा वर्श २००४ के दीवानी वाद का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में जिला कारागार के बंदीगण, राजकीय बालगष्ह (शिशु एवं बालक) व राजकीय सम्प्रेक्षण गष्ह पिपरौला के (किशोंरों) द्वारा निर्मित उत्पादों की स्टॉल लगाकर प्रदर्शनी लगाई गयी। न्यायालय में विचाराधीन वादों में जनपद एवं सत्र न्यायाधीश शाहजहॉपुर श्री विश्णु कुमार षर्मा द्वारा ०९ फौजदारी वादों व ०१ सिविल वाद का निस्तारण किया गया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण षाहजहॉपुर के पीठासीन अधिकारी श्री रूपेश रंजन द्वारा मोटर यान दुर्घटना से संबंधित कुल १०१ वादों का निस्तारण कर अंकन ४,८२,९८,००० रूपये प्रतिकर धनराषि के रूप में दिलाये जाने का आदेश पारित किया गया। प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय शाहजहॉपुर श्री सुनील कुमार श्रीवास्तव व अपर प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय शाहजहॉपुर श्रीमती प्रीति सिंह द्वारा कुल १०६ वैवाहिक वादों का निस्तारण किया गया जिनके प्रयासों से लोक अदालत की तिथि पर न्यायालय परिसर से ११ वैवाहिक जोड़ों के मध्य के विवाद को सुलझाते हुये उनके वाद का निस्तारण कर उन्हे वैवाहिक जीवन यापन हेतु साथ-साथ रहने हेतु विदा किया गया।

माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार आज दिनांक ०८.०३.२०२५ दिन शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाहजहॉपुर के तत्वाधान में दीवानी न्यायालय शाहजहॉपुर परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन माननीय जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री विश्णु कुमार षर्मा की अध्यक्षता में किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री पीयूष तिवारी, द्वारा जानकारी दी गई कि राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकृति के कुल ९०३०४ वादों का निस्तारण हुआ। इसमें विभिन्न न्यायालयों में विचाराधीन कुल १४२९६ वादो के निस्तारण उपरान्त ४६७३१० ध-रू० धनराशि का जुर्माना वसूल किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न राजस्व न्यायालयों द्वारा ६४८८७ राजस्व वादों का निस्तारण किया गया। ऑनलाइन चालानी से सम्बन्धित ९९६२ मामलों का निस्तारण कराते हुये कुल १७२०५००ध-रू० शमन शुल्क वसूल किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न बैकों के लोन रिकवरी से सम्बन्धित ११५७ प्री-लिटिगेशन वादों का निस्तारण कराते हुये कुल ७९३३८१८ ध- रू० धनराशि के ऋण खातों का समझौता कराया गया। न्यायालय में विचाराधीन वादों में जनपद एवं सत्र न्यायाधीश शाहजहॉपुर श्री विश्णु कुमार षर्मा द्वारा ०९ फौजदारी वादों व ०१ अन्य सिविल वाद का निस्तारण किया गया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठा सीन अधिकारी द्वारा १०१ वादों का निस्तारण कर अंकन ४,८२,९८,००० रूपये प्रतिकर धनराषि के रूप में दिलाये जाने का आदेश पारित किया गया। श्री सुनील कुमार श्रीवास्तवए प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वारा ६८ वादों तथा अपर प्रधान न्यायाधीश महोदया द्वारा ३८ वादों का निस्तारण किया गया। श्रीमती नेहा आनन्द अपर जिला जज ई०सी० एक्ट द्वारा २४४ विद्युत वादों का निस्तारण कर १०००ध- अर्थदण्ड के रूप में वसूल किये जाने का आदेश किया गया। फौजदारी न्यायालयों में सर्वाधिक वादों का निस्तारण श्रीमती ज्योति अग्रवाल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा किया गया। उनके द्वारा कुल ३६२५ आपराधिक वादों का निस्तारण करते हुये कुल २३७३९० ध-धनराशि का जुर्माना वसूल किया। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम, सुश्री प्रतिभा प्रथम, द्वारा १३५२, अपर सिविल जज सी०डि० ए०सी०जे०एम० द्वितीय, द्वारा ७९०, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तष्तीय, श्रीमती गरिमा सिंह द्वारा १२६१ श्री मनीष कुमार सिंह अपर सिविल जज सी०डि० द्वारा १८१०, सिविल जज जू० डि० पुवायॉ, श्री पारस यादव द्वारा १९७०, अपर सिविल जज जू० डि० श्री अम्वेश कुमार पाण्डेय द्वारा ४१२, न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय सुश्री वर्तिका पटेल द्वारा ४५१, न्यायिक मजिस्ट्रेट तष्तीय सुश्री अवतिका त्रिपाठी द्वारा २२५, सिविल जज जू० डि० जलालाबाद द्वारा १२२ वादों का निस्तारण किया गया। इसके अतिरिक्त समस्त न्यायिक अधिकारीगण ने अपने अपने न्यायालय में विभिन्न प्रकार के वादों का निस्तारण किया गया। इसके पूर्व राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष श्री विश्णु कुमार षर्मा जिला एवं सत्र न्यायाधीश शाहजहॉपुर द्वारा श्री रूपेश रंजन, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, श्री सुनील कुमार श्रीवास्तव, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, श्री सुदीप कुमार जायसवाल अपर जिला जजध्नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत के साथ मिलकर अन्य न्यायिक अधिकारीगण, बैंक अधिकारीगण, अधिवक्तागण व कर्मचारीगण की उपस्थिति में मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर प्रातः १० बजे किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम का संचालन अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीशध सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाहजहॉपुर श्री पीयूष तिवारी द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा उपस्थित अधिकारीगण को सम्बोधित करते हुये उन्हे लोक अदालत का महत्व व उद्देश्य साझा किया व सभी को अधिकाधिक संख्या में वादों के निस्तारण हेतु प्रोत्साहित किया। साथ ही साथ सभी उपस्थित अधिकारीगण, बैक कर्मियों, अधिवक्तागण व कर्मचारीगण को अंतराश्ट्रीय महिला दिवस की षुभकामना भी दी गई। उद्घाटन समारोह उपरांत जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा जनपद न्यायालय परिसर में जिला कारागार शाहजहॉपुर के बंदीगण, राजकीय बालगृह (शिशु एवं बालक) शाहजहॉपुर व राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोरं) शाहजहॉपुर के बालकों द्वारा तैयार किये गये विभिन्न उत्पादों की प्रर्दशनीध्स्टॉल का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। प्रदर्शनी स्थल पर अधिकारीगण का स्वागत श्री मिजाजीलाल, अधीक्षक जिला कारागार शाहजहॉपुर, डिप्टी जेलर श्री सुभाष यादव, डिप्टी जेलर श्री सुरेन्द्र कुमार, श्री सुधीर सक्सेना अधीक्षक, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह शाहजहॉपुर द्वारा पुष्प भेंट कर किया गया। प्रर्दशनी व स्टाल में कारागार के बंदियों द्वारा तैयार कपड़े, बैग, पेन्टिग, बेकरी उत्पाद, पूजा उत्पाद व गमले प्रदर्शित किये गये। इसके अतिरिक्त राजकीय बालगृह बालक के बच्चों द्वारा गुलदस्ता, गणेश जी मूर्ति, चिड़िया, शीशा बड़े सिनरी मेजपोश आदि के स्टॉल लगाये गये। राजकीय संप्रेक्षण गृह में निरूद्ध किशोरों द्वारा तैयार अवषिश्ट पदार्थ से तैयार गुड़िया व सजावटी सामान प्रदर्शित किया गया। स्टाल में प्रदर्शित समानों को उपस्थित समस्त न्यायिक अधिकारीगण व अन्य लोगों द्वारा सराहना की गयी तथा इस अवसर पर इच्छुक व्यक्तियों द्वारा प्रर्दशित उत्पादों को क्रय भी किया गया। जनपद न्यायाधीश शाहजहॉपुर द्वारा बंदियों, बच्चों व किशोरों द्वारा बनाये गये उत्पादों की सराहना की व भविष्य में भी इस तरह के उत्क्रम करने हेतु विधिक सेवा प्राधिकरण शाहजहॉपुर को निर्देशित किया। तदोउपरान्त उनके द्वारा विभिन्न बैकों के स्टाल पर जाकर उपस्थित प्रबन्धकगण व अन्य कर्मचारीयो का उत्साह वर्धन किया गया।

## प्रधानमंत्री ने सूरत के लिंबायत में सूरत खाद्य सुरक्षा संतृप्ति अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने षुक्रवार को सूरत के लिंबायत में सूरत खाद्य सुरक्षा संतृप्ति अभियान कार्यक्रम का षुभारंभ किया। उन्होंने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत लगभग दो लाख पात्र लोगों को अभियान के लाभ प्रदान किए। लिंबायत के नीलगिरि ग्राउंड में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, श्मैं सौभाग्यषाली हूं कि आज देष और गुजरात की जनता ने मुझे तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में सेवा करने का अवसर दिया है। सूरत अनेक मामलों में गुजरात का और देष का एक अग्रणी षहर है। उन्होंने कहा कि सूरत आज गरीब को, वंचित को भोजन और पोशण की सुरक्षा देने में आगे निकल रहा है। यहां आज जो खाद्य सुरक्षा अभियान चलाया गया है, यह दूसरे जिलों के लिए भी प्रेरणा बनेगा। यह अभियान सुनिष्चित करता है कि न कोई भेदभाव हो, न कोई छूटे, न कोई रूठे और न कोई किसी को ठगे। पीएम मोदी ने कहा कि यह तुश्टिकरण की भावना को छोड़कर संतुश्टिकरण की पवित्र भावना को आगे बढ़ाता है। जब सरकार ही लाभार्थी के दरवाजे पर जा रही है, तो कोई छूटेगा कैसे और जब कोई छूटेगा नहीं तो कोई रूठेगा कैसे। जब सोच यह हो कि हमें सब तक लाभ पहुंचाना है, तो ठगने वाले दूर भाग जाते हैं। पीएम मोदी ने कहा, श्आज मुझे संतोश है कि हमारी सरकार गरीबों की सच्ची साथी बनकर खड़ी है। कोविड महामारी के दौरान जब भारत को बहुत मदद की जरूरत थी, तब गरीबों को उचित भोजन मिले, इसके लिए गरीब कल्याण योजना षुरू की गई। यह दुनिया की सबसे बड़ी योजना है। मुझे इस बात की भी खुषी है कि गुजरात सरकार ने इस पहल का विस्तार किया है। आज केंद्र सरकार गरीब के घर का चूल्हा जलता रहे, इसके लिए दो लाख करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च कर रही है। विकसित भारत की यात्रा में पौश्टिक भोजन की बड़ी भूमिका है।

# मंडलायुक्त एवं आईजी ने साक्षी वीडियो कान्फ्रेंसिंग अभियोजन कक्ष का फीता काट कर किया लोकार्पण



टेन न्यूज, डीपी सिंह, डेस्क न्यूज

शाहजहांपुर। शुक्रवार को मंडलायुक्त बरेली मंडल बरेली सौम्या अग्रवाल एवं पुलिस महानिरीक्षक परिक्षेत्र बरेली डह० राकेष सिंह द्वारा जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेष एस, नगर आयुक्त डह० विपिन कुमार मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी डह० अपराजिता सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट में साक्षी वीडियो कह्न्फ्रेंसिंग अभियोजन कक्ष का फीता काट कर लोकार्पण किया।

तत्पष्चात मंडलायुक्त ने कलेक्ट्रेट के अभिलेखागार न्यायिक, राजस्व, इंग्लिष अह्फिस (संयुक्त कार्यालय), नजारत, संग्रह अनुभाग, एएलआरसी एवं षास्त्र अनुभाग आदि कार्यालयों का निरीक्षण कर आवष्यक दिषा निर्देष दिए। उन्होंने न्यायिक एवं राजस्व अभिलेखागार में पंजिकाओं, पत्रावली, नकल रजिस्टर, नकल पेंडिंग, गार्ड फाइल, दाखिला रजिस्टर, खतौनियों की रिपोर्ट पेंडिंग आदि के संबंध में जानकारी ली तथा उन्होंने निर्देष दिए कि प्रभारी अधिकारी द्वारा नियमित निरीक्षण कर पंजीकरण एवं पत्रावलियों को अवलोकित किया जाए। कार्यालयो में पत्रावलियों के रखरखाव, अभिलेखागारों में राजस्व, न्याय विभाग की पत्रावलियों के रखरखाव तथा किये जा रहे कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने संयुक्त कार्यालय में धारा १४४, ३७७, कर्मचारियों का विवरण, सेवा पुस्तिका, जीपीएफ पासबुक आदि का निरीक्षण किया। संग्रहण विभाग में सेवानिवृत्ति लंबित पेंषन भुगतान आदि के संबंध में पंजिकाओं एवं पत्रावलियों को देखा तथा निर्देष दिए किसी का भी पेंषन भुगतान लंबित न रहे। नजारत में पंजिकाओं का अवलोकन कर तथा उनके संबंध में जानकारी ली। संग्रह अनुभाग में सेवानिवृत होने वाले कार्मिकों पेंषन भुगतान आदि के संबंध में जानकारी ली। एएलआरसी कार्यालय में निरीक्षण करते हुए निर्देषित किया कार्मिकों के सेवानिवृत होने से ६ माह पहले अंतिम देयकों के संबंध में कार्रवाई प्रारंभ कर दी जाए जिससे सेवा निवृत होने पर समस्त समय से भुगतान हो सके। मंडलायुक्त ने षस्त्र अनुभाग में निरीक्षण दौरान षास्त्र के नवीनीकरण, विरासत सहित अन्य जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि यह सुनिष्चित किया जाय कि सभी कार्मिकों को सरकार द्वारा उनके हित में चलायी गयी योजनाओं का लाभ मिले तथा उनकी सेवा सम्बंधी अन्य प्रपत्र अद्यतन रहे। इस दौरान उन्होंने सभी पटल सहायकों एवं प्रभारियों से कहा कि जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले आम जनमानस की समस्याओं को सकारात्मक रूप से सुना जाय। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लिपिकों से पत्रावलियां खुलवाकर निस्तारण की कार्यवाही को देखा। डाक टिकटों की भी जानकारी ली तथा अधिकारी-कर्मचारियों को सफाई का ध्यान रखने के निर्देष दिए। निरीक्षण के दौरान सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को मामलों का षीघ्र निस्तारण करने के निर्देष दिए।

# होली व ईद को लेकर एसडीएम की अध यक्षता में कोतवाली में हुई पीस कमेटी बैठक



टेन न्यूज, अमुक सक्सेना

तिलहर/शाहजहांपुर। होली त्यौहार व ईद को लेकर एसडीएम जीत सिंह राय की अध यक्षता में कोतवाली में हुई पीस कमेटी बैठक में नगर की खुदी पड़ी सड़कों की मरम्मत न किए जाने का मुद्दा छाया रहा । एसडीएम ने रंग के दिन खास तौर पर बिना हेलमेट व षराब पीकर बाइक न चलाए जानी की कड़ी हिदायत दी। अपरान्ह तीन बजे हिन्दू , मुस्लिम समुदाय के गणमान्यों के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के तमाम प्रधान ने बैठक में षिरकत की । एसडीएम ने सभी से क्षेत्रों में त्यौहार के मद्देनजर समस्याओं की जानकारी ली । तथा सुझाव मांगे। व्यापारी नेता सौरभ गुप्ता रवि ने बैठक का संचालन करते हुए नगर में जल निगम की ओर से पाइप लाइन डाले जाने की बाबत खोदी गई सड़कों व गलियारों की मरम्मत न किए जाने के चलते लोगों के गिरकर चोटिल होने की समस्या से अवगत कराया । उक्त मुद्दे पर सभासद सतेंद्र सिंह सुषील व कुमार गौरव ने दमदारी से मुहर लगाई । एसडीएम ने जेई जल निगम से वार्ता कर समस्या का निदान कई जाने का भरोसा दिलाया । उन्होंने पह्वर कारपोरेषन के जेई को त्यौहार पर निकलने वाले जुलूस का रूट चेक कर लाइने दुरुस्त करने के निर्देष दिए। प्रधान कुंआडांडा ब्रजेष वर्मा व धर्मेंद्र कुमार मौर्य ने त्यौहार पर होने बाली दुर्घटनाओं के लिए षराब को जिम्मेदार ठहराते हुए बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने पर जोर दिया । जिस पर एसडीएम ने कोतवाल को इस दिन षराब बिक्री पर कड़ी नजर रखने के निर्देष दिए । षहर इमाम मो स्वालेह उर्फ सद्दन मियां ने गंगा जमुनी तहजीब के नगर तिलहर में रंग के दिन होने बाली जुमा की नमाज को दो बजे के बाद षुरू किए जाने का फरमान जारी किया।

एसडीएम श्री राय ने कहा कि मेल मिलाप के त्यौहार में किसी प्रकार की समस्या से बचने के लिए रंग के दिन षराब व बिना हेलमेट वाहन न चलाने की कड़ी हिदायत देते हुए त्यौहारों की अग्रिम षुभकामनाएं दीं।

बैठक में कोतवाल राकेष कुमार सिंह , इंस्पेक्टर क्राइम देवेंद्र यादव , एसआई जयप्रकाष भारती , प्रमोद कुमार , देवेष कुमार , सुखपाल सिंह , रजनीष कुमार , व्यापारी नेता पंकज गुप्ता , नईम फरीदी , हर्शित मिश्र समेत कई गांवों के प्रधान और मस्जिदों के इमाम आदि षामिल रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अटल ऑडिटोरियम में भव्य कार्यक्रम का आयोजन




टेन न्यूज, डीपी सिंह, डेस्क न्यूज

शाहजहांपुर। अंतर्राश्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अटल अह्डिटोरियम, षाहजहांपुर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की षुरुआत दीप प्रज्वलित कर गणमान्य व्यक्तियों को लिविंग प्लांट देकर की गई। कार्यक्रम में जिलाधिकारी महोदयश्री धर्मेंद्र प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी महोदया डह्क्टर अपराजिता सिनसिनवार, पुलिस अधीक्षक महोदय एस. राजेष ,नगर आयुक्त महोदय विपिन मिश्रा, तिलहर विधायक माननीय सलोना कुषवाहा , माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव, भाजपा माननीय जिला अध्यक्ष महानगर षिल्पी गुप्ता,एसडीम चित्रा निखाल,ब ट पुवाया निश्ठा उपाध्याय , ब ट तिलहर ज्योति यादव जिला प्रोबेषन अधिकारी श्री गौरव मिश्रा ने उपस्थित होकर अपने प्रेरणादायी विचार साझा किए। कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम ५१ नवजात बालिकाओं का सम्मान रू नवजात कन्याओं और उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया, जिससे बेटियों के प्रति समाज में सकारात्मक सोच को बल मिला । कन्या जन्मोत्सव में निम्नलिखित कन्या षिषु माता को सम्मानित किया गया फलक ,कामिनी, सपना ,गुलनाज रानी, कोमल ,मुस्कान, सुषीला देवी आतव,आकांक्षा, नैना ,निषा बानो उशा , सादमा सदफ , निहारिका ,छाया गीत, रिंकी मिश्रा, पूजा गुप्ता ,साइया रजिया बेगम ,षीतल देवी, इरम नाजरीन, जागेष्वरी, दीपिका,चित्र रेखा, फिजा नाज, रष्मि सिंह रिजवाना, नेहा षर्मा ,षोभा मिश्रा अंषिका, सीमा, नेहा, षकनूर ,प्रियंका वर्शा ,देवती, पूनम, षांति, पूजा सुनीता, स्नेहा, संगीता, जेबा खान, नेहा ,ताहिरा बानो, प्रेरणा ,प्रियंका आदि। उत्कृश्ट सेवाएं देने वाली २५ महिलाओं का सम्मानरू विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण योगदान देने वाली महिलाओं को प्रषस्ति पत्र एवं स्मषति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ।

समाज को उत्कृश्ट सेवाएं देने वाली निम्नलिखित महिलाओं को अंतर्राश्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया स्वास्थ्य विभाग से डह्क्टर ज्योति, डह्क्टर रस्तोगी, एनम षालिनी मिश्रा ,स्टाफ नर्स निधि ,पुलिस विभाग से मधु यादव ,आसमा बेगम, सोनम षर्मा नगर निगम से सफाई कर्मी रेषमा, राजवती ,प्रषासनिक विभाग से उपजिलाधिकारी कलान चित्र निकाल निखाल,रीडर विनाका मौर्या, कंप्यूटर अह्परेटर स्वाती मौर्य ,पत्रकार रागिनी श्रीवास्तव, एडवोकेट गुलिस्ता खान, समाजसेवी अल्पना श्रीवास्तव, हुदा जेहरा कार्यक्रम विभाग से आंगनबाड़ी निरुपमा दीक्षित, रीता मौर्य ,महिला कल्याण विभाग से क्राफ्ट प्रषिक्षक षोभा ,जिला मिषन कोअह्र्डिनेटर अमष्ता दीक्षित, षिक्षा विभाग से अध्यापिका रितु सक्सेना, रेखा मिश्रा,एनआरएलएम विभाग से संतोश कुमारी, देवकीनंदन ,पषुपालन विभाग से निर्मला षर्मा एवं अह्टो रिक्षा चालक सुमन को सम्मानित किया गया।

# होली से पूर्व पोशण पोटली का वितरण किया जाये, चिन्हित ६५ पंचायतों में १४ पंचायतें हुई टीबी मुक्तः जिलाधिकारी




टेन न्यूज, प्रभाष चन्द्र ब्यूरो

कन्नौज। जिलाधिकारी श्री षुभ्रान्त कुमार षुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में यूविन पोर्टल, आयुश्मान योजना से संबंधित बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने निर्देष दिये कि एम्बुलेंस सर्विस का प्रयोग करते हुये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में रोगियों के एक्सरे समय से किये जाये। एक्सरे टेक्नीषियन पोर्टल पर डाटा फींडिग समय से सुनिष्चित करें। बताया गया कि टीबी अभियान के तहत जनपद की ६५ ग्राम पंचायतों को चिन्हित किया गया, जिसमें १४ ग्राम पंचायत टीबी मुक्त पायी गई। उन्होनें निर्देष दिये कि षेश ग्राम पंचायतों में भी सर्वे का कार्य षीघ्रातिषीघ्र किया जाये। चिन्हित टीबी रोगियों को होली से पूर्व पोशण पोटली का वितरण सुनिष्चित किया जाये। नारी निकेतन, जेल, वृद्धाश्रम, मलिन बस्ती, स्वच्छताग्रही आदि की स्कैनिंग षत-प्रतिषत सुनिष्चित की जाये। निष्चय पोर्टल पर फीडिंग की समीक्षा करते हुये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जलालाबाद, तालग्राम, सौरिख, एवं डीटीसी कन्नौज व मेडिकल कालेज की अच्छी प्रगति पाये जाने पर प्रसंषा की तथा हसेरन, छिबरामऊ, गुगरापुर, तिर्वा, जिला अस्पताल आदि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की खराब प्रगति पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये निर्देष दिये कि निष्चय पोर्टल पर षत-प्रतिषत फींडिंग सुनिष्चित की जाए। श्री षुक्ल ने कहा कि षीघ्र ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में जन औशधी केन्द्र खोले जायेगें, जिससे जनता को सही दवायें उचित मूल्य पर मिलेगी। उन्होनें निर्देष दिये कि ७० वर्श से अधिक उम्र के ३१३२ अवषेश वृद्धजनों के षीघ्र आयुश्मान कार्ड बनाकर योजना से आच्छादित किया जाये। सभी बच्चों का षत-प्रतिषत वैक्सीनेषन कराया जाये, कोई भी बच्चा वैक्सीनेषन से वंचित नहीं रहना चाहिए। जिस दिन वैक्सीनेषन की जाये, उसी दिन यू-विन पोर्टल पर फीडिंग होनी चाहिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० स्वदेष गुप्ता सहित अन्य संबंधित चिकित्सक उपस्थित थे।

# मंडलायुक्त की अध्यक्षता में होली के दृश्टिगत कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

शाहजहांपुर। शुक्रवार को मंडलायुक्त बरेली मंडल बरेली सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में पुलिस महानिरीक्षक परिक्षेत्र बरेली डह० राकेष सिंह, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेष एस, नगर आयुक्त डह० विपिन कुमार मिश्र की उपस्थिति में आगामी त्यौहार होली एवं छोटे व बड़े लाट साहब के जुलूस आयोजको के साथ पीस कमेटी की बैठक कोतवाली में आयोजित की गई। बैठक में मंडला आयुक्त ने कहा कि चली आ रही लाट साहब के जुलूस की परंपरा को सौहार्दपूर्ण ढंग से षांति पूर्वक मनाए। उन्होंने कहा कि सारी तैयारियां जिला प्रषासन द्वारा पूर्ण कर ली गई हैं जो भी छुट-पुट कमियां रह गई है उन्हें जल्दी पूर्ण कराने हेतु निर्देषित कर दिया है। उन्होंने कहा कोई भी त्योहारों के कार्यक्रमों में व्यवधान डालेगा उसे पर त्वरित कड़ी कार्रवाई की जाएगी। त्योहारों को परंपरागत ढंग से बनाया जाए। सभी आपस में सहयोग रखकर होली का त्योहार अच्छे ढंग से मानाए। आईजी ने कहा कि होली का पावन त्यौहार है आपस में मिलजुल कर सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाएं।

# अपने साहस, परिश्रम व समर्पण के बल पर हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं महिलाएं: जिला पंचायत अध्यक्ष



टेन न्यूज, डीपी सिंह, डेस्क न्यूज
शाहजहांपुर। मेरा युवा भारत अंतर्गत नेहरू युवा केन्द्र षाहजहाँपुर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में व नेहरू युवा मंडल महमदपुर आजमाबाद के सहयोग से अंतरराश्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन आर्य महिला डिग्री कह्लेज षाहजहाँपुर में हर्शोल्लास से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्षा ममता यादव व विषिश्ट अतिथि के रूप में भाजपा महानगर अध्यक्षा षिल्पी गुप्ता उपस्थित रहीं जिहोंने अन्य अतिथियों के साथ मिलकर सर्वप्रथम मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व पुश्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का षुभारंभ किया तत्पष्चात जिला युवा अधिकारी ने अतिथियों का स्वागत प्रतीक चिन्ह व अंगवस्त्र देकर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव ने कहा कि आज महिलाएं अपने साहस, परिश्रम व समर्पण से हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और पुरुशों के बराबर भागीदारी निभा रही हैं। विषिश्ट अतिथि षिल्पी गुप्ता ने कहा कहा कि महिला सषक्तिकरण के पीछे पुरुशों का भी बहुत बड़ा योगदान है जिन्होंने उन्हें समाज के हर क्षेत्र में स्वतंत्रता से आगे बढ़ने हेतु प्रेरित कर हरसंभव सहयोग किया है। जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने सभी को महिला दिवस की षुभकामनाएं देते हुए व इस वर्श के थीम पर प्रकाष डालते हुए सभी बालिकाओं को जीवन मे अपना लक्ष्य तय कर निरन्तर मेहनत, समर्पण व सकारात्मक ऊर्जा से उसे प्राप्त करने की दिषा में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। बाल कल्याण समिति सदस्य रामौतार त्रिपाठी ने महिला बाल कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संदर्भ में जानकारी देते हुए बालिकाओं को सदैव जागरूक रहने की बात कही।बाल कल्याण समिति सदस्य मुनीष सिंह परिहार और अरविंद मिश्रा ने कहा कि मातृषक्ति अपने अधिकारों के साथ साथ अपने कत्त्वयो का भी निर्वहन करें और देष के विकास में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है और बिना आध ी आबादी के देष के विष्वगुरु बनने की कल्पना भी अधूरी है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे डीपीओ जिला गंगा समिति डह्र विनय सक्सेना ने जनपद में बने जिला गंगा प्लान में विषेश रूप से महिलाओं के योगदान पर विस्तृत चर्चा करते हुए लैंगिक संवेदना पर चर्चा की व महिलाओं की सहभागिता की अपील की। एस एस कह्लेज के डह्र रूपक श्रीवास्तव ने भी नारी षक्ति का वंदन करते हुए महिलाओं द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उनकी उपलब्धियों को विषेश रूप से सराहा। मानवता वेलफेयर सोसाइटी से वरिश्ठ समाजसेविका नीरा श्रीवास्तव और अमित कुमार ने भी बालिकाओं को निडरता से रहने व विभिन्न जनजागरूकता अभियानों में नेतृत्व करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का आभार व्यक्त करते हुए महाविद्यालय की वरिश्ठ प्रवक्ता डह्र रूपांषु माला ने भी सभी बालिकाओं को निरन्तर विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में समाजसेवी रम्मन गुप्ता, डह्र नम्रता लता, डह्र रजनी सिंह, डह्र षचि अग्रवाल, डह्र सारिका अग्रवाल, डह्र ज्योति गुप्ता, डह्र निदा षाहिद, डह्र ष्वेता सक्सेना, पारुल यादव,फरिया, षगुन, अपूर्वा, हिमांषु सक्सेना, सुमित मिश्रा सहित भारी संख्या में महाविद्यालय की छात्राएं व स्टह्रफगण उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रेड क्रास द्वारा सीडीओ को किया गया सम्मानित




टेन न्यूज, डीपी सिंह, डेस्क न्यूज
शाहजहांपुर। इंडियन रेड क्रास सोसाइटी द्वारा अंतर्राश्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डह्र६ अपराजिता सिंह को उनके सरकारी आवास में जाकर दिवस का प्रतीक चिन्ह देकर एवं षाल भेंट कर सम्मानित किया। सोसाइटी के सचिव डह्र६ विजय जौहरी ने बताया अंतर्राश्ट्रीय महिला दिवस ८ मार्च को दुनिया भर में मनाया जाता है। यह एक ऐसा दिन है जब महिलाओं को राश्ट्रीय, जातीय भारतीय, सांस्कृतिक, आर्थिक राजनीतिक, सीमाओं में उनकी उपलब्धियां के लिए मान्यता दी जाती है अंतर्राश्ट्रीय महिला दिवस २०२५ का विशय है सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए अधिकार, समानता, सषक्तिकरण आज रेड क्रह्रस सोसाइटी के लिए यह गर्व की बात है कि सोसाइटी की राश्ट्रीय अध यक्ष महामहिम राश्ट्रपति महिला है एवं प्रदेष अध्यक्ष महामहिम राज्यपाल महिला है एवं जनपद की मुख्य विकास अधिकारी साफ छवि की महिला है उनके सम्मान से महिला सषक्तिकरण को गति प्रदान होगी। इस दौरान रेड क्रह्रस सोसाइटी के जिला सचिव डह्र६ विजय जौहरी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक इमरान खान, आजीवन सदस्य अल्पना श्रीवास्तव, पारुल गुप्ता, डह्र६ हेमेंद्र वर्मा, डह्र६ सलीम, साजिद खान, अवनीष सक्सेना, अग्रज जोहरी आदि लोग उपस्थित रहे उक्त जानकारी जिला प्रबंधन समिति सदस्य अनुज जौहरी ने दी।

# शाहजहांपुर में नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले २० इमीग्रेशन सेंटर बंद, कई आइलेट केंद्रों पर भी ताले




टेन न्यूज। शाहजहाँपुर में नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले लोगों को जेल भेजे जाने के बाद से कस्बे के सभी इमीग्रेषन सेंटर २० दिन से बंद हो गए हैं। कई आइलेट सेंटरों पर भी ताले लटक रहे हैं। कई सेंटरों से बोर्ड तक उतर गए हैं। बताया जा रहा है कि इसके संचालक भूमिगत हो गए हैं और मामला ठंडा होने का इंतजार कर रहे। पीलीभीत, षाहजहांपुर और लखीमपुर के युवाओं में विदेष जाकर पढ़ाई और नौकरी करने का जबरदस्त क्रेज है। षाहजहांपुर में पुवायां क्षेत्र के तमाम युवा भारी रकम देकर विदेष गए हैं और तमाम बार विदेष भेजने के नाम पर युवाओं और उनके परिवार से ठगी भी की गई है। पुवायां, खुटार, बंडा थानों में ऐसे कई मामलों में रिपोर्ट दर्ज हैं। पुवायां तहसील क्षेत्र में कई लोग विदेष भेजने के नाम पर ठगी में भी लिप्त हैं। गैर जनपदों के युवाओं से भी ठगी की गई है। लोगों को विदेष भेजने के नाम पर ठगी करने, फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मामले में पीलीभीत में सौ से अधिक रिपोर्ट दर्ज हो चुकी हैं और कई लोग जेल भेजे जा चुके हैं। फर्जी दस्तावेज बनाने के मामले में पुवायां के गांव बेहटा संवात निवासी नरेंद्र पांडे, गांव पकड़िया मल्लपुर के सिमरनजीत सिंह को जेल भेजा गया है। गांव समुलिया के विजय सहित दो और लोग पीलीभीत में नामजद हैं। नरेंद्र पांडे ने पुवायां की गुरुनानक कह्लोनी में मकान किराये पर लेकर लोगों को विदेष भेजने के लिए सक्सेज ओवरसीज के नाम से सेंटर खोला था। सिमरनजीत सिंह भी इसी कार्यालय में बैठता था। दोनों के जेल जाने के बाद सेंटर बंद हो गया था। अब यहां से सक्सेज ओवरसीज के बोर्ड भी उतार दिए गए हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक विदेष भेजने के नाम पर ठगी के मामले में नाम सामने आने और पीलीभीत में बड़ी कार्रवाई होने के बाद पीड़ित आगे आने लगे है। बंडा में एक रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुवायां में आईं दो तहरीरों में एक पीड़ित पूरनपुर चला गया और दूसरा मोहम्मदी थाना क्षेत्र का था। एक पीड़ित पुवायां का है, जिसकी जांच की जा रही है। ठगी के षिकार हुए कुछ लोगों ने नाम नहीं प्रकाषित करने के अनुरोध के साथ बताया कि इमीग्रेषन सेंटर वाले उनको कह्ल कर रुपये वापस कर देने की बात कह रहे हैं और तहरीर देने के लिए मना कर रहे हैं। सीओ निश्ठा उपाध याय ने बताया कि पुवायां थाना प्रभारी के नेतष्त्व में एक टीम का गठन इमीग्रेषन सेंटरों की जांच के लिए किया गया है। अभी रिपोर्ट नहीं मिली है। कुछ मामले सामने आए हैं, जिसमें एक रिपोर्ट बंडा में दर्ज करा दी गई है। पुवायां में आए प्रार्थनापत्रों की जांच कराई जा रही है। कोई पीड़ित सामने आता है तो जांच कराई जाएगी। आरोप सही मिलते हैं तो कार्रवाई भी होगी। उध ार, पुवायां के थाना प्रभारी हरपाल सिंह बालियान ने बताया कि सीओ ने उनसे इमीग्रेषन सेंटरों की सूची मांगी थी, जो भेज दी गई है। सेंटरों की जांच के बारे में जानकारी नहीं है।

# नगदी व अल्टो कार न मिलने पर विवाहिता और बेटी को ससुरालियों ने घर से निकाला



टेन न्यूज, पप्पू अंसारी
मीरानपुर कटरा/शाहजहांपुर। मीरानपुर कटरा के मोहल्ला कायस्थान की निवासी आलिया ने थाने में दी तहरीर में बताया कि मेरे पिता ने षादी में अपनी हैसियात के अनुसार काफी दान दहेज दिया था। पैषन प्रो मोटरसाइकिल , फ्रिज ,बासिंग मसीन ,कूलर, सिलाई मसीन, बाकी अन्य सामान गृहस्ती का दहेज मैं दिया था पुत्री मोहम्मद रषीद का विवाह दो साल पहले जनपद बरेली के फरीदपुर में मोहल्ला मिर्धान के चांद बाबू पुत्र साबिर से हुआ था। विवाहिता की एक नाबालिग बेटी भी है। विवाहिता का आरोप है पति चांद बाबू, ससुर साबिर सास चमन आरा, विवाहित ननद निषा मायके वालों से दो लाख रुपए की नगदी और एक अल्टो कार की मांग कर रहे थे। मांग पूरी करने से मना करने पर विवाहिता और बेटी का ससुराल वाले षारीरिक मानसिक उत्पीड़न करने लगे। आरोप है एक माह पूर्व ससुराल वालों ने विवाहिता और उसकी बेटी को मारपीट कर घर से निकाल दिया। मांग पूरी न होने पर विवाहिता को तलाक देकर दूसरी षादी करने की ध ामकी दी। विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज विवेचना षुरू कर दी है।

# पत्रकारों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सीओ को सौंपा



टेन न्यूज, अमुक सक्सेना
तिलहर/शाहजहांपुर। सीतापुर में दैनिक जागरण के पत्रकार राघवेंद्र वाजपेयी की हत्या के विरोध में रविवार को पत्रकारों ने विरोध ा प्रदर्षन किया। हत्या करने वालों को फांसी, पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने की मांग की गई ज्ञापन के माध्यम से पत्र के स्वजन की एक करोड़ रुपये मुआवजा देने की भी मांग की गई। इस मौक तिलहर नगरके सभी पत्रकार एकजुट होकर षहीद कुटी पर एकत्र हुए। उसके बाद सभी हाथों में काली पट्टी बांधकर कोतवाली पहुंचे। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सीओ ज्योति यादव को दिया गया। इस मौके पर इस मौके पर सुरेंद्र सिंघल, इंद्रभान सिंह बीनू, राजाराम गुप्ता, मनोज प्रबल ,अनुराग मिश्रा पंकज,राजीव षर्मा,अरविंद गुप्ता, एजाज, इमरान सागर, अमुक सक्सेना, कामरान आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित हुए ४३४६३ वाद वादकारियों के चेहरे पर खिली मुस्कानः जनपद न्यायाधीश



टेन न्यूज, प्रभाष चन्द्र ब्यूरो

